भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 357
22 जुलाई, 2025 को उत्तर के लिए

केरल में मत्स्य उद्योग पर संकट

357. श्री के. सी. वेणुगोपाल:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मालवाहक पोत एमएससी ईएलएसए 3 और कंटेनर पोत एमवी वान हाई 503 से जुड़ी दुर्घटनाओं के बाद केरल के तट पर मत्स्य उद्योग पर आए संकट की जानकारी है और यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं:

(ख) इन दुर्घटनाओं के कारण मछुआरों को अनुमानित कितनी क्षति हुई है, जिसमें मछली पकड़ने के उपकरणों का नुकसान और काफी दिनों तक आजीविका का नुकसान शामिल है;

(ग) क्या सरकार का इन दुर्घटनाओं के कारण मछुआरों की आजीविका के नुकसान के लिए किसी प्रकार का मुआवजा देने का प्रस्ताव है; और

(घ) क्या सरकार के संज्ञान में यह बात आई है कि छह समुद्री स्तनपायी जीवों - चार डॉल्फ़िन और दो व्हेल के शव अलप्पुझा तट पर बहकर आए हैं और यदि हाँ, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन कराया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(श्री जॉर्ज कुरियन)

(क): मालवाहक पोत MSC ELSA दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना 24-25 मई 2025 को कोच्चि, केरल से लगभग 39 समुद्री मील (Nm) दक्षिण में हुई, जबकि MV वान हाई 503 की दुर्घटना 9 जून 2025 को कोच्चि, केरल से लगभग 130 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में हुई। केरल सरकार ने सूचित किया है कि MSC ELSA 3 के संबंध में, तत्काल प्रतिक्रिया के रूप में, केरल राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने 25 मई, 2025 को मछुआरों को सलाह जारी की थी, जिसमें उन्हें डूबे हुए जहाज़ के 20 समुद्री मील के दायरे में न जाने का निर्देश दिया गया था। केरल सरकार ने सूचित किया है कि 28 मई, 2025 को ICAR-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज़ टेक्नोलोजी (CIFT), ICAR-सेंट्रल मरीन फिशरीज़ रिसर्च इंस्टीट्यूट (CMFRI), केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज (KUFOS) के वैज्ञानिकों और मछुआरों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी और इस बैठक में संभावित पारिस्थितिक प्रभाव और मत्स्य संसाधनों तथा मछुआरों की आजीविका के संरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई थी। तदनुसार, 19.06.2025 को, राज्य सरकार द्वारा KUFOS, CMFRI, CIFT, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और तटीय पुलिस के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया ताकि हालात की समीक्षा की जा सके और मानक प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक नमूनाकरण, जल और मत्स्य का परीक्षण किया जा सके। परीक्षण रिपोर्टों से पता चला कि सभी फिश सैम्पल उपयुक्त परिस्थिति में है, और कोई आपत्तिजनक गंध या स्वाद नहीं देखा गया था, और जल के नमूनों का पीएच, लवणता और प्रवाहकत्व सामान्य सीमा के भीतर थी। जल और मत्स्य सैम्पल के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला कि उनमें तेल की उपस्थिति या अंश नहीं था, खतरनाक रसायनों की उपस्थिति को साबित करने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं था, तथा एर्नाकुलम, अलपुझा और कोल्लम आदि के तटों से लिए गए फिश सैम्पल उपभोग के लिए सुरक्षित थे।

(ख) और (ग): केरल सरकार ने MSC ELSA 3 पोत दुर्घटना और उससे जुड़े पोत दुर्घटना क्षेत्र के 20 समुद्री मील क्षेत्र में मत्स्यन प्रतिबंध के कारण चार तटीय जिलों: एर्नाकुलम, अलप्पुझा, कोल्लम और तिरुवनंतपुरम के लगभग 1,60,417 मछुआरों और संबद्ध श्रमिकों को प्रभावित करते हुए 106.51 करोड़ रुपए की अनुमानित आय हानि की सूचना दी है। केरल सरकार ने सूचित किया है कि 1,05,518 समुद्री मछुआरों के परिवारों (जिनमें 78,498 समुद्री मछुआरों के परिवार और 24,020 संबद्ध मछुआरों के परिवार शामिल हैं) को SDRF से अंतरिम राहत के रूप में प्रति परिवार 1000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, साथ ही उनकी आजीविका के नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 6 किलो चावल भी दिया गया।

(घ): अलप्पुझा ज़िले से मिली जानकारी के अनुसार, एक डॉल्फ़िन का शव मई 2025 के अंतिम सप्ताह में बहकर तट पर आया था, और तीन अन्य डॉल्फ़िन और एक व्हेल के शव जून 2025 के दौरान तट पर आए थे। केरल सरकार ने सूचित किया है कि वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में पोस्टमार्टम के बाद चारों डॉल्फ़िन और एक व्हेल के शवों को दफना दिया गया है। एक अन्य व्हेल का शव, जो बहुत क्षत-विक्षत हो चुका था, खराब मौसम और समुद्र की उथल-पुथल के कारण तट पर नहीं लाया जा सका। केरल सरकार ने आगे सूचित किया है कि उन्होंने इस संबंध में कोई अध्ययन नहीं किया है, क्योंकि समुद्री स्तनधारियों से संबंधित मामला वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है।

*****